मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः26.06.2026

थाना मड़िहान व एसटीएफ प्रयागराज की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अनुमानित कीमत ₹ 2.2 करोड़ के अवैध गांजा के साथ 01 शातिर अंतर्जनपदीय गांजा तस्कर गिरफ्तार, तस्करी में प्रयुक्त ट्रक वाहन बरामद —

अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की निर्माण/तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी/बरामदगी एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये हैं।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरूद्ध लगातार अभियान चलाकर की जा रही कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के नेतृत्व में थाना मड़िहान व एसटीएफ प्रयागराज की संयुक्त पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। दिनांकः 25.06.2026 को मुखबीर के सूचना के आधार थाना मड़िहान व एसटीफ प्रयागराज की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा 01 ट्रक कन्टेनर वाहन संख्याः UP 72 AT 5969 में सवार 01 व्यक्ति को पकड़ा गया। पकड़े गये अभियुक्त द्वारा पूछताछ में अपना नाम-पता अमरजीत यादव उर्फ पहलवान पुत्र परमेश्वर यादव निवासी ग्राम जबरेला थाना हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर अस्थाई पता वार्ड नं0-22,महुआपुर नरोनी, रुठियाई थाना धरनावदा जनपद गुना मध्य प्रदेश बताया गया है। पुलिस टीम द्वारा उक्त वाहन की तलाशी ली गयी तो वाहन में छिपाकर रखा हुआ कुल 04 कुन्तल 39 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मड़िहान पर मु0अ0सं0-151/2026 धारा 8/20/29 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा गया तथा गांजा तस्करी में प्रयुक्त उक्त वाहन को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।

विवरण पूछताछ —

पकड़े गये अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वे राजगढ़ा, उड़ीसा से ट्रक कन्टेनर में छिपाकर गांजा लादकर प्रयागराज व आसपास के जनपदों में स्पलाई के लिये ले जा रहे थे, इस दौरान पुलिस द्वारा हमें पकड़ लिया गया। गांजा बेच कर प्राप्त पैसे को भौतिक सुख-सुविधाओं का लाभ लेते है।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त —

1. अमरजीत यादव उर्फ पहलवान पुत्र परमेश्वर यादव निवासी ग्राम जबरेला थाना हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर अस्थाई पता वार्ड नं0-22,महुआपुर नरोनी, रुठियाई थाना धरनावदा जनपद गुना मध्य प्रदेश, उम्र 55 वर्ष।

बरामदगी विवरण —

04 कुन्तल 39 किलोग्राम अवैध गांजा (अंतराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत ₹ 2.2 करोड़)
गांजा परिवहन में प्रयुक्त ट्रक कन्टेनर वाहन संख्याः UP 72 AT 5969
01 मोबाइल फोन व ₹ 1030 नगद जामातलाशी।

पंजीकृत अभियोग —

मु0अ0सं0-151/2026 धारा 8/20/29 एनडीपीएस एक्ट थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर।

गिरफ्तारी का स्थान दिनांक व समय —

थाना मड़िहान क्षेत्रांतर्गत ग्राम पचोखरा काशोपुर तिराहा पेट्रोल पम्प के पास से, दिनांकः 25.06.2026 को समय 20.30 बजे।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

प्रभारी निरीक्षक मड़िहान- रविन्द्र भूषण मौर्य मय पुलिस टीम थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर।
उ0नि0 रणेन्द्र कुमार सिंह- एसटीएफ उ0प्र0 प्रयागराज मय पुलिस टीम।

****